मेरा भोला है भंडारी

मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी,
भोले/शँभू नाथ रे, शँकर नाथ रे ॥
तेरा नाम है तारणहारा, एक तूँ ही है पालनहारा,
भोले नाथ रे, शंकर नाथ रे।
मेरे साथ रे, तूँ मेरे साथ रे।

तमाम सृष्टि का सार तूँ है, विकार तूँ निर्विकार तूँ है,
कहूँ क्या वारे मैं भोले तेरे, 'असीम तूँ है आपार तूँ है'।
ज़ुबान पे शँभू है वास तेरा, निगाह में भी निवास तेरा,
समाए दिल में है तेरी सूरत, 'वज़ूद मुझमे है ख़ास तेरा'।

गंगा सोहे जिसके केशा, करता मँगल जो हमेशा,
भोले नाथ रे, शँकर नाथ रे।
तूँ ही त्रिपुरारी कैलाशी, तूँ ही दुःख भंजन अविनाशी,
शँभू नाथ रे, शँकर नाथ रे।
मेरा भोला है भंडारी, जिसे पूजे दुनियाँ सारी,
भोले/शँभू नाथ रे, शँकर नाथ रे ॥
मेरे साथ रे, तूँ मेरे साथ रे।

उदासिओं को मिटा दिया है, चिराग दिल में जला दिया है,
हमेशा से भोले नाथ तूने, 'सुख का रस्ता दिखा दिया है'।
नहीं है कोई सिवाए तेरे, बने हैं हम तो बनाए तेरे,
अगम भी तूँ है सुगम भी तूँ है, 'है खेल यह सब रचाए तेरे'।

पीकर खुद ही विष का प्याला, दुनियाँ को अमृत दे डाला,
भोले नाथ रे, शँकर नाथ रे।
कुल सृष्टि का चक्र चलाए, बिन गौरां आधा कहलाए,
शँभू नाथ रे, शँकर नाथ रे।
मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी,
भोले/शँभू नाथ रे, शँकर नाथ रे ॥
मेरे साथ रे, तूँ मेरे साथ रे।

नमामि परमेश्वराय शँकर, नमामि सर्वेश्वराय शँकर,
नमामि योगेश्वराय शँकर, 'नमामि भुवनेश्वराय शँकर'।
मेरा भोला है भंडारी, करे नंदी की सवारी,
भोले/शँभू नाथ रे, शँकर नाथ रे ॥
मेरे साथ रे, तूँ मेरे साथ रे ॥
अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/14556/title/mera-bhola-hai-bhandari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |